06 JUNE -24 page 1 05-06-24 11:08 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। गुरुवार 06 जून - 2024 | वर्ष : 8 अंक : 237 पेज - 14 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## एनडीए ने पीएम मोदी को फिर अपना नेता चुना



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने नरेंद्र मोदी को आज अपना नेता चुन लिया है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास पर पीएम एनडीए की पहली बैठक हुई। खास बात यह है कि यह बैठक लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद एनडीए की पहली बैठक थी। बैठक में बैठक में जदयू, लोजपा, टीडीपी, जदएस और शिवसेना सहित अन्य घटक दल शामिल हुए। सभी ने मिलकर नरेंद्र मोदी को एक बार फिर अपना नेता चुना है।

ह्यभारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है।

बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी जी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत के गरीब-महिला-युवा-किसान और शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से आज दिनांक 05 जून, 2024 को नई दिल्ली में पारित हुआ।

**सात जून को राष्ट्रपति से कर सकते हैं मुलाकात :** सूत्रों के अनुसार, सात जून को एनडीए सांसदों के साथ बैठक की जाएगी। इसके बाद एनडीए के सहयोगी दल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मिलकर सहयोगी दलों के साथ सरकार गठन पर चर्चा करेंगे।

### गिरिराज सिंह के ट्वीट से हलचल

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरीराज सिंह ने बुधवार शाम एक ट्वीट किया था। जिसका कैप्शन उन्होंने लिखा कि एनडीए-303। हालांकि, एक घंटे बाद ही उन्होंने यह ट्वीट डिलीट कर दिया। इसके बाद से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

## आचार संहिता हटते ही 10 टू-स्टार पर गिरी गाज, भेजे गए लाइन



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** चुनावी आचार संहिता खत्म होते ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक साथ दस टू- स्टार को लाइन भेजा गया है। लाइन भेजे गए 10 टू- स्टार में तीन सिटी जोन , पांच नदियापार और दो ग्रामीण जोन के हैं। बताया जा रहा है कि उनकी बीते दिनों शिकायत मिली थी, जिसकी जांच करते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा इन पर कार्रवाई की गई है। उधर विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कई और पुलिस अधिकारी और कर्मचारी रडार पर होंगे।

### इनको भेजा गया लाइन

**करंट क्राइम।** विजयनगर थाने से विकास अग्निहोत्री, सिहानी गेट से गोविंद सिंह ,नंदग्राम थाने से धर्मवीर सिंह ,इंदिरापुरम थाने से विनोद कुमार, सौरभ राठौर, रानू चौधरी, हरेंद्र मलिक थाना कौशांबी से देवेश कुमार, ट्रोनिका सिटी से सोहन , लोनी बॉर्डर से विनोद कुमार पांडे को लाइन भेजा गया है।

### अभी कई और पर होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम ।** आने वाले 2 से 3 दिनों के भीतर कई और थानों में तैनात उप निरीक्षक और अतिरिक्त निरीक्षक पुलिस अधिकारियों की रडार पर आ सकते हैं। बताया जा रहा है जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट में कई और जगह कार्रवाई वाली जांच करेगी। लाइन पुलिस लाइन भेजे गए उप निरीक्षकों में कई चौकी प्रभारी भी शामिल हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में शांतिपूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई मतगणना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव गाजियाबाद में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। 26 अप्रैल को 4 प्रेक्षकों की निगरानी और अपनी निर्वाचन टीम के सहयोग से शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान हुआ। 4 जून को मतगणना दिवस से पूर्व और मतदान दिवस के बाद से ही स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, एजेंट रूम का चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निरीक्षण किया। मतगणना दिवस में शांतिपूर्ण निष्पक्ष स्वतंत्रा पारदर्शी व्यवस्था रही।

जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के कुशल नेतृत्व व अध्यक्षता, माननीय प्रेक्षक गणों एस.के.जैन, विधानसभा 55-साहिबाबाद तथा 56-गाजियाबाद (12-गाजियाबाद लोक निर्वाचन क्षेत्र सभा), विरेन्द्र सिंह सेहरावत, विधानसभा 57-मोदीनगर (लोकसभा 11 बागपत लोक) व सुजिथ कारून, विधानसभा क्षेत्र-53-लोनी एवं 54-मुरादनगर (12-गाजियाबाद लोक सभा) की निगरानी, मुख्य विकास अधिकारी/कार्मिक प्रभारी अभिनव गोपाल, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम एल/एल शैलेन्द्र भाटिया, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट अजय अम्बेष्ठ, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, एसडीएम संतोष कुमार राय, एसडीएम चन्द्रेश सहित समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की विधानसभावार निगरानी सहित अन्य निर्वाचन अधिकारी/कार्मिकों की अहम भूमिका में मतगणना सकुशल सम्पन्न हुई। उपस्थित लोगों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की मतगणना टीम, डीआईओ एनआईसी तायल, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ.सीमा बाल्यान, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस प्रशासन व नगर निगम सहित सभी विभागों के कार्यों की सराहना की गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने निर्वाचन कार्यों में लगे सभी निर्वाचन अधिकारी/प्रभारी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल व उनकी टीम ट्रेनिंग स्टाफ, निर्वाचन कार्मिकों, प्रत्याशियों/एजेंटों, मीडिया बंधुओं, पुलिस विभाग, वाहन व्यवस्था में लगे आरटीओ सहित उनका स्टाफ, नगर निगम, कलक्ट्रेट कर्मी, सिविल डिफेंस एवं राजनीतिक दलों सहित प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण सकुशलता से सम्पन्न कराने के लिए सभी गाजियाबाद वासियों का आभार प्रकट किया और सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह संवैधानिक दायित्व भली–भाँति आपके सहयोग से ही पूर्ण हो पाया।





माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
अशु वर्मा
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व महापौर भाजपा, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
डी.डी. यादव
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल अग्रवाल
महानगर महामंत्री, भाजपा, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील यादव
भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### मतगणना के दौरान क्यों निकले अतुल गर्ग के मुख से ये शब्द

## कद बड़ा, पद बड़ा होने से जरूरी नहीं कि दिल भी बड़ा हो जाये



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग अब गाजियाबाद के लोकसभा सांसद हैं। एक बड़े मार्जिन के साथ चुनाव जीते हैं। तीन लाख प्लस का आंकडा उन्होंने पार किया है और ये तब है जब भाजपा के बड़े-बड़े दिग्गज मार्जिन के मामले में लाख और डेढ लाख में सिमटे हैं।

अतुल गर्ग ने अपने चुनाव में कई डाउट को पूरी तरह आउट किया। कई संशय उनके चुनाव को लेकर थे और उन्होंने इस तरह से सबकुछ मैनेज किया कि अपने चुनाव को डैमेज होने से बचाया। धौलाना विधानसभा में जितनी बड़ी हार का फसाना बताया जा रहा था उस फसाने से खुद को बाहर लाये। लोनी में जिस तरीके से ये कहा जा रहा था कि यहां उन्हें डैमेज हो सकता है वहां उन्होंने पूरी तरह से बात को संभाला। अतुल गर्ग का जब लोकसभा चुनाव के लिए टिकट हुआ तो एक लॉबी ने शुरू से ये माहौल बनाया कि ये तो गलत डिसीजन हो गया। ऐसा हो जायेगा वैसा हो जायेगा। लेकिनअतुल गर्ग अपने कूल अंदाज में चुनावी पथ पर आगे बढ़े। जब मतगणना हो रही थी तो उन्हें अपनी बढ़त की खुशी से ज्यादा चिंता इस बात की थी कि एनडीए को बम्पर बहुमत नहीं मिल रहा है।

अतुल गर्ग के मुख से जो शब्द निकले वो ये थे कि मेरा संदेश उन लोगों तक पहुंचे जिन लोगों के पास पद भी बड़ा है, जिनका कद भी बड़ा है लेकिन जरूरी नहीं है कि उनका दिल भी बड़ा हो। अब अतुल गर्ग ने ये शब्द क्यों कहे और किसके लिए कहे ये उन्होंने खुद भी नहीं बताया और जब उनसे पूछा गया कि आप ये शब्द किसके लिए कह रहे हो तो उन्होंने कहा कि मैं ये बात उदाहरण के रूप में बता रहा हूं। अतुल गर्ग ने यहां पर मीडिया वालों से भी एक सवाल पूछा और कहा कि मैं उन मीडिया वालों से भी ये पूछना चाहता हूं कि जो अपने विश्लेषण से इस बात का दावा कर रहे थे कि गाजियाबाद लोकसभा में भाजपा की जीत केवल पचास हजार वोटों से ही होगी। क्या उन्होंने इस आंकलन के लिए वास्तव में जमीन पर काम किया था।

अतुल गर्ग ने ये भी कहा कि जो वोट प्रतिशत घटा है उस पर मुझे कुछ नहीं कहना है। लेकिन अतुल गर्ग के शब्दों से इतना जरूर फील हो रहा था कि वो अपने मन के किसी ताप को बहुत ही कूल तरीके से रख रहे हैं।

# बागपत लोकसभा में तीन लाख से ज्यादा वोट हासिल कर छा गये अमरपाल शर्मा

## अगर मिलता चुनावी तैयारी के लिए टाइम तो वो होते इस जंग के सूरमा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अमरपाल शर्मा बागपत की लोकसभा का चुनाव लड़े। शानदार तरीके से चुनाव लड़ा और चुनाव वो भले ही हार गये लेकिन ये साबित कर दिया कि जंग को योद्धा ही लड़ते हैं। बागपत लोकसभा चुनाव में 3 लाख 39 हजार वोट मिले। जबकि यहां रालोद भाजपा गठबंधन उम्मीदवार राजकुमार सांगवान को 4 लाख 90 हजार वोट मिले हैं। अमरपाल शर्मा चुनाव के खिलाड़ी हैं। वो इस देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे पहले विधायक हैं। उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा खोडा नगर पालिका से जिला पंचायत सदस्य रहीं है और मौजूदा समय में उन्होंने विषम परिस्थितियों में भाजपा की रीना भाटी को हराकर खोडा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव निर्दलीय के तौर पर जीता है। अमरपाल शर्मा कई चुनाव लड़ चुके हैं चुनावी खिलाड़ी माने जाते हैं। हार जीत से ज्यादा अहम चीज उनके चुनाव लड़ने का तरीका है। गाजियाबाद से जाकर बागपत में लोकसभा का चुनाव लड़े और 3 लाख प्लस वोट जब आये हैं जब उन्हें चुनाव लड़ने के लिए उतना समय नहीं मिला। उनके समर्थक बता रहे हैं कि 60 प्रतिशत क्षेत्र ऐसा रह गया जहां अमरपाल शर्मा पहुंच ही नहीं पाये। उन्हें लोकसभा जैसा बड़ा चुनाव लड़ने के लिए मात्र 14 दिन मिले। अगर उन्हें थोड़ा समय और मिलता तो यहां नतीजा कुछ और होता। बागपत में लोकसभा चुनाव लड़े हैं और एक बड़ी संख्या में वोट हासिल किये हैं। पूरी भागदौड़ की है और चुनाव में ये साबित किया है कि वो यहां एक दमदार उम्मीदवार थे और चुनाव को वो चुनाव के तरीके से लड़ रहे थे।

### अमरपाल शर्मा ने कहा बागपत की जनता ने दिया प्यार, उसका बहुत-बहुत आभार


करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा बागपत से लोकसभा का चुनाव लड़े और यहां उन्हें 3 लाख 39 हजार वोट मिले। अमरपाल शर्मा ने जनता के इस प्यार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो स्नेह जो प्यार मुझे दिया है उसका मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं। जीत हार से ज्यादा अहम चीज मेरे लिए ये है कि बागपत लोकसभा में मुझे 3 लाख 39 हजार मतदाताओं का प्यार मिला है। इतने मतदाताओं ने मुझ पर भरोसा जताया है। मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द कम पड़ जायेंगे लेकिन मे क्षेत्र के लोगों मतदाताओं के जज्बे को नमन करता हूं। मुझे बागपत से समाज के सभी वर्गों, सभी धर्मा सभी बिरादरी का वोट मिला है। क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो भरोसा मुझ पर जताया है मैं उस पर हमेशा खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मैं जनता के बीच का नेता हूं और हमेशा जनता के बीच रहूंगा।

# जब अपने बूथ की वोट गणना को मतगणना स्थल पर अड़ गये राहुल चौधरी



### वीवीपैट से लेकर ईवीएम मशीन पर काउंटिंग के बाद ही वो लौटे वापस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राहुल चौधरी सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हैं और वो एक ऐसे समाजवादी नेता हैं जो हमेशा से अपने बूथ पर मजबूत रहते आये हैं। वो हर चुनाव में अपना बूथ और वोट दोनो खुलकर बताते हैं। गठबंधन धर्म में वोट के लिए कैसे अड़ जाते हैं इसकी मिसाल राहुल चौधरी ने पेश की। जटवाड़ा के बूथ संख्या 430 का सेंटर जटवाड़ा के सिद्धार्थ स्कूल में था। यहां 610 वोट पड़ी थी और निर्वाचन रिकार्ड में भी 610 वोट थी। लेकिन मतगणना के समय वोट बंट गईं। कोई गडबड नहीं थी लेकिन तकनीकी कारणों से ऐसा हुआ। दरअसल 26 अप्रैल को इस बूथ पर दो बजे ईवीएम मशीन खराब हो गई। आधा घंटे बाद दूसरी मशीन लगाई गई। पहली मशीन में 410 वोट डले और दूसरी मशीन में 210 वोट डले। काउंटिंग में ये दोनों मशीन पहुंची। लेकिन जब गिनती हुई तो वोट 436 निकलीं। अब अधिकारी ने कहा कि इतनी ही वोट हैं जबकि राहुल चौधरी अड़ गये और वीवीपैट से गिनती हुई। राहुल चौधरी ने कहा कि मेरा बूथ है लिहाजा मुझे पता है और यहां अधिकारी ने कहा कि मशीन कितनी भी बदले लेकिन वीवीपैट मशीन एक ही रहती है और उस रिपोर्ट में भी 610 वोट का जिक्र है। यहां पर राहुल चौधरी ने जब अपने हक के लिए अपनी आवाज को बुलंद किया तो फिर काउंटिंग के लिए वो मशीन भी आई और यहां जब टोटल किया गया तो 610 वोट ही निकले। इस पूरी कवायत में शाम के 7 बज गये। लेकिन राहुल चौधरी ने जब तक एक एक वोट का हिसाब मिला नहीं लिया तब तक वो बाहर नहीं आये। ये एक मिसाल भी है कि गठबंधन धर्म में भी वो उम्मीदवार के हक की लड़ाई लड़ रह थे। एक एक वोट की कीमत को जानते हैं और शाम के 7 बजे वोट मिलान के बाद ही राहुल चौधरी बाहर आये।






## संपादकीय

# जनादेश के निहितार्थों पर गौर करना होगा

लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि जनता ने अपने विवेक से प्रतिनिधियों का चुनाव किया है। उन्होंने जाति, धर्म, संप्रदाय, मुफ्त की योजनाओं आदि के बहकावे में न आकर एक ऐसी सरकार के पक्ष में मतदान किया, जो उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने, देश की असल समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सत्तापक्ष के विरोध में कोई स्पष्ट लहर नहीं थी, मगर यह संकेत लगातार मिल रहा था कि जनता बदलाव चाहती है। विपक्षी दलों के गठबंधन ने जरूर महंगाई और बेरोजगारी जैसे कुछ बुनियादी मुद्दे उठाए थे, मगर सत्तापक्ष ने उन्हें किनारे करने की हर संभव कोशिश की। वह लगातार भावनात्मक मसले उठाता रहा। पर लोगों ने चुप रहकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इसका सबसे बड़ा प्रमाण उत्तर प्रदेश के नतीजे हैं। वहां अयोध्या में राममंदिर निर्माण को सत्तापक्ष अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करता रहा, मगर वहां के लोगों ने उसे नकार दिया। यहां तक कि अयोध्या के भाजपा प्रत्याशी को भी अपना समर्थन नहीं दिया। चुनावों में हर राजनीतिक दल अपना गणित बिठाने की कोशिश करता है, जाति और धर्म का समीकरण इसमें बहुत मायने रखता है, पर इस बार वह समीकरण भी बहुत कारगर साबित नहीं हुआ।

बेशक भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, मगर जनादेश उसके खिलाफ ही कहा जा सकता है। वह अपने बल पर पूर्ण बहुमत की संख्या नहीं जुटा सकी। जबकि इस चुनाव में भाजपा ही सबसे साधन संपन्न पार्टी थी। उसने चुनाव पर जितना खर्च किया, उतना सारे दलों ने मिल कर भी शायद न किया हो।

प्रचार-प्रसार में दूसरे दल उसके सामने फीके पड़ गए थे। संचार माध्यमों पर हर जगह उसकी मौजूदगी नजर आती थी। फिर भी अपने दम पर तीन सौ सत्तर और गठबंधन के स्तर पर चार सौ से पार सीटें जीतने का जो लक्ष्य लेकर वह चली थी, उसके आसपास पहुंचना भी उसके लिए मुश्किल हो गया। इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय दल मजबूत होकर उभरे हैं। इससे भी साबित होता है कि लोगों के लिए निजी समस्याएं और स्थानीय मसले ज्यादा अहम थे। चुनाव के बाद हर राजनीतिक दल अपनी सफलता या विफलता की समीक्षा करता और उससे आगे के चुनावों के लिए सबक लेता है। वह सब होगा, पर महत्त्वपूर्ण यह है कि जनादेश को समझा जाए। यह केवल सीटों के बंटवारे में जाति-धर्म का समीकरण बिठाने और गठबंधन में पार्टियों के मतों के परस्पर जुड़ जाने का नतीजा भर नहीं है। इसमें सत्तापक्ष के प्रति लोगों की निराशा और उदासीनता भी ध्वनित होती है।

इस बार के आम चुनाव में मुफ्त के राशन और कुछ अन्य सुविधाएं लोगों में जीवन की बेहतरी का भरोसा नहीं जगा पाईं। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सत्तापक्ष जिन सुविधाओं और आर्थिक तरक्की को अपनी उपलब्धियां बताता रहा, उन पर लोगों का विश्वास नहीं बन पाया। इसलिए अब जो भी सत्ता की बागडोर संभालेगा, उससे यही अपेक्षा रहेगी कि वह इस जनादेश के निहितार्थों को समझते हुए ही नीतियों और योजनाओं का निर्धारण करे तभी किसी भी सरकार के लिए हितकर होगा।







# कौन होगा साइड लाइन, जल्द चलेगा पता

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को लंबा समय हो चुका है। चुनाव संपन्न होने के बाद अब कई तरीके के कयास शुरू हो गए हैं। कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में तबादला एक्सप्रेस चलने की प्रबल संभावना है। तो वहीं आईपीएस और पीपीएस स्तर के अधिकारी लखनऊ वाली लिस्ट का वेट कर रहे हैं। कुल मिलाकर अभी स्थिति वेट एंड वॉच की है। डेट को लेकर पूरा सीन बना हुआ है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में परिवर्तन वाली हवा चल सकती है। इसी के साथ भगवा दल वाले कह रहे हैं, भले पिछले दिनों की स्थिति कुछ भी रही हो लेकिन अब आर-पार का मामला होकर रहेगा। उधर सुनने में यह भी आ रहा है कि जिस तरीके से




मतगणना वाले दिन पूरा सीन रहा, उसको लेकर भी कुछ अफवाहें सुनने को मिली हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सबसे पहले एसीपी और टू-स्टार वाला मामला तूल पकड़ेगा।

इसके साथ ही नदियापार देहात और सिटी जोन में कुछ बदलाव अवश्य देखने को मिल सकते हैं। इसमें थाना प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारी शामिल रहेंगे। उधर लखनऊ में भी यूपी वाली लिस्ट का वेट है। कौन किस डेट पर निकलता है और कौन किस डेट तक वेट कर पता है यह भी देखना दिलचस्प होगा। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में दो एसीपी पर मेहरबानी की पक्की खबर है। तो वहीं दो साइड लाइन किया जा सकते हैं। दो के कार्यक्षेत्र बदलने की प्रबल संभावना बनी हुई है। वही चुनाव से पहले कुछ कमिश्नरी के प्रमुख भी इधर-उधर होने की जो चर्चा हुई थी फिर उसको एक बार चुनाव होने के बाद बल मिल गया है। अब देखना है कि किसकी कुबार्नी होती है और कौन बचा ले जाता है। कुल मिलाकर अगला हफ्ता बेहद दिलचस्प रहने वाला है। इसी के साथ लखनऊ वाली लिस्ट के बाद पूरे प्रदेश में लिस्ट का ट्विस्ट बढ़ जाएगा।

## राशिफल

**मेष :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहजनक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**वृष :** नवीन वस्त्राभूषण के लिए व्यय होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य सहज ही होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**मिथुन :** अप्रत्याशित खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते का बिगड़ सकते हैं।

**कर्क :** यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :** नई योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**कन्या :** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। देवदर्शन के लिए यात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**तुला :** स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक :** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। विवाद से बचें।

**धनु :** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी।

**मकर :** परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा हो सकती है। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ :** मेहनत की अधिकता से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। बुरी खबर मिल सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा।

**मीन :** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों व मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई बड़ी समस्या दूर हो सकती है।

## चुटकुले

बॉयफ्रेंड अपनी गर्लफ्रेंड से- आओ तुम्हें चांद पर ले जाऊं...
गर्लफ्रेंड- अरे नहीं यार...!!!
बॉयफ्रेंड- लेकिन क्यों...?
लड़की- क्योंकि वहां वॉट्सऐप नहीं चलता है...!

---

चिंटी तीसरी बार ड्राइविंग लाइसेंस के लिए इंटरव्यू देने पहुंची
ऑफिसरझ्रअगर एक तरफ आपके पति हो और दूसरी तरफ आपका भाई हो तो आप क्या मारोगी?
चिंटी- पति
ऑफिसर- अरे मैडम आपको तीसरी बार बता रहा हूं कि आप ब्रेक मारोगी।

---

टीचर- एक औरत एक घंटे में 50 रोटी बनाती है, तो तीन औरतें एक घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी?
बच्चा- एक भी नहीं!
टीचर- ऐसा क्यों?
बच्चा- वो अकेली हैं इसलिए काम कर रही हैं। तीनों मिलकर सिर्फ बातें करेंगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19 .8 मीटर (65 फीट) की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
संजय गुप्ता
भाजपा नेता
हरमीत बक्शी
मंडल अध्यक्ष इंदिरापुरम


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद से लोकसभा
सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
मदन राय
पार्षद वार्ड 86, भाजपा, साहिबाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
मानसिंह गोस्वामी
पूर्व महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
रेखा गोस्वामी
भाजपा नगर निगम पार्षद, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
मनजीत सिंह
पूर्व महानगर अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
पिंटू तोमर
कार्यकारिणी सदस्य महानगर भाजपा, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को
पूर्ण बहुमत मिलने व
मा० अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद सांसद
चुनने पर देवतुल्य जनता
का हार्दिक आभार
प्रदीप चौहान
पूर्व पार्षद, भाजपा


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा. अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा से सांसद बनने पर
हार्दिक बधाई
महानगर संयोजक, व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा, गाजियाबाद
अरोडा स्टोर सी -41 लोहिया नगर गाजियाबाद
मोहित अरोड़ा


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रवीण भाटी
अध्यक्ष व्यापार मंडल साहिबाबाद एवं सदस्य
कार्यकारिणी महानगर भाजपा गाजियाबाद
कविता भाटी
नगर निगम पार्षद,
भाजपा, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
सरदार एसपी सिंह
पूर्व सदस्य उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा० अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद सांसद चुनने पर
देवतुल्य जनता का हार्दिक आभार
श्री राजीव गुप्ता
डायरेक्टर
समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड
संजीव कुमार गुप्ता
चेयरमैन, समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड
महानगर कोषाध्यक्ष, भाजपा गाजियाबाद
प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उघोग व्यापार मण्डल (उघोग मंच)
चेयरमैन, माँ वैष्णो धाम (सपनावत)
सदस्य, श्रम सतर्कता समिति (उ.प्र. सरकार)


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा. अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्यामवीर चौधरी
सदस्य प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा भाजपा
एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद से लोकसभा
सांसद बनने पर
हार्दिक
बधाई
हरीश मल्होत्रा
रोटरी क्लब, दिल्ली, शाहदरा
पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान
मोर्चा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश
उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
सौरभ यादव
युवा भाजपा नेता व निदेशक श्री राम गौरव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गाजियाबाद।


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
सुरेश कुमार कश्यप
पूर्व एम.एल.सी. भाजपा एवं
राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त भारतीय कश्यप महासभा


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
वेदप्रकाश गर्ग (खादी वाले)
पूर्व महानगर उपाध्यक्ष भाजपा, गाजियाबाद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
आशीष चौधरी
महानगर उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद
शिल्पा चौधरी
निगम पार्षद
महेन्द्र चौधरी
पूर्व निगम पार्षद


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
अनिल अग्रवाल 'सांवरिया'
महानगर सहसंयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, गाजियाबाद
मेरठ मंडल अध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश


मा.अतुल गर्ग जी
को
गाजियाबाद
लोकसभा
से सांसद बनने
पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
बालकिशन गुप्ता (बालू भाई)
जिलाध्यक्ष, गाजियाबाद
राष्ट्रीय व्यापार मंडल


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
रनिता सिंह
महानगर उपाध्यक्ष, भाजपा


माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी
के नेतृत्व में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने व
मा.अतुल गर्ग जी
को गाजियाबाद लोकसभा
से सांसद बनने पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
एड. मनोज भाटी
भाजपा नेता, गाजियाबाद

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विंडसर एवं नोवा सोसायटी, में लगाए 100 पौधे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम की शिप्रा सन सिटी विंडसर एवं नोवा सोसायटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर में एओए के द्वारा जॉगर्स पार्क, अशोका पार्क, सेमल पार्क एवं कैसिया पार्क में 100 पौधे लगाए गए। एओए अध्यक्ष सीपी बालियान ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोसायटी के पार्कों में 100 के करीब पौधेरोपण किया गया है। मानव के जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण का अपना विशेष महत्व है। मानव सभ्यता का उदय तथा इसका आरंभिक आश्रय भी प्रकृति अर्थात वन वृक्ष ही रहे हैं। मानव को प्रारम्भ से प्रकृति द्वारा जो कुछ प्राप्त होता रहा है। उसे निरन्तर प्राप्त करते रहने के लिए पौधारोपण बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर सचिव ब डी शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित पांडे, विरेंद्र सिंह, तुषार उपाध्याय, पिंटू तोमर, एस सी शर्मा, तिलक सरकार, कमल वत्स, आर सी बिष्ट, एस सी कपूर इत्यादि मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद इंदिरापुरम मुख्य शाखा ने किया पौधारोपण





**साहिबाबाद करंट क्राइम।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद इंदिरापुरम मुख्य शाखा ने आओ वृक्ष लगाए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल अनिल गोयल, अंजना सिंह, हेमंत वाजपेयी के साथ बच्चों के माध्यम से आनलाइन पेड़ लगाओ जीवन बचाओ चित्रकला प्रतियोगिता भी की गई। जिसमें 25 बच्चौ ने भाग लिया सभी को प्रमाणपत्र दे सम्मानित किया। शाखा के सदस्यों द्वारा अमरूद , आम, पीपल , चंपा और बरगद के पेड़ मुख्य रूप से लगाए गए ।ये पेड़ शक्ति खंड 4 की गली न 8 के पार्क में लगाए गए। इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता वाजपेयी, महिला संयोजिका रिचा वालिया ,सचिव रवीन्द्र तिवारी, दिनेश गुप्ता ,अशोक पाल, रमेश,सतेन्द्र नेगी, रश्मि तिवारी ,अनिल कुमारी, भावना, युविका, सुनीता सहित कई अन्य सदस्यों मौजूद रहे। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि एक पेड़ लगाना 100 पुत्रो के बराबर बताया सभी ने अपने आस पास के एक पेड़ की सम्पूर्ण देखरेख की शपथ ली।

## योगी आदित्यनाथ के 52 वें जन्मदिन पर हिन्दु युवा वाहिनी ने किया हवन,रक्तदान व भंडारे का आयोजन





**मुरादनगर, करंट क्राइम।** हिन्दू युवा वाहिनी के संस्थापक, संरक्षक गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महाराज के 52 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हिन्दू भवन पर हवन,भंडारा व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 289 यूनिट रक्तदान किया गया व निशुल्क मेडिकल कैंप भी लगाया गया। प्रतिष्ठित डॉक्टरों द्वारा लोगों की निशुल्क जांच की गई व हवन पूजन में सभी ने एक साथ मिलकर योगी आदित्यनाथ महाराज की दीघार्यु की प्रार्थना की। हिन्दु युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने बताया कि हमारे संरक्षक आदित्यनाथ योगी समाजसेवा व समाजोत्थान के लिये अपने परिजनों को त्याग करके एक सन्यासी के रूप में अपना जीवन व्यतीत करते हुए वर्तमान में समाज को एक सार्थक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर अवनीश प्रधान, विशाल त्यागी, मोहित कुमार, नगर अध्यक्ष सुशील कुमार प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष निशांत त्यागी, नगर संयोजक अमित कुमार, नगर सह प्रभारी हरित खटीक, सुबोध कुमार, अंकित त्यागी, शिवम्, मोहन सैनी, अभिषेक, राजेश, अमित, नितेश पंडित,अंकित यादव ,बिरजू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।










# निगम ने बड़े पैमाने पर कराई शहरवासियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

## 20वाटर एटीएम, 42 स्थाई प्याऊ सहित 25 अस्थाई मटके वाले प्याऊ भी लगाये



● पानी उतना खर्च करें जितना हो जरूरी: विक्रमादित्य सिंह मलिक





**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जहां शहर में जलापूर्ति को प्रतिदिन बेहतर किया जा रहा हैं वहीं पांचों जोनों में नलकूपों, हैंडपंपों, तथा पानी के टैंकरों से जलापूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। ऐसे स्थान जहां पानी की पाइपलाइन कनेक्ट नहीं थी वहां पानी के कनेक्शन भी कराए गए हैं, जो पानी की लाइन बिछी हुई थी उनको घरों तक जोड़ने का कार्य किया गया है। बृज विहार, सूर्य नगर, वैशाली क्षेत्र में 400 से अधिक घरों को पानी के कनेक्शन जोड़कर दिए गए हैं। कविनगर तथा सिटी जोन में 12 स्थान पर पानी कनेक्ट किया गया है। मोहन नगर में 14 स्थान पर पानी के कनेक्शन किए गए हैं, वसुंधरा जोन अंतर्गत 15 स्थान पर पानी के कनेक्शन कराए गए हैं, विजयनगर में आठ स्थानों पर पानी के कनेक्शन किए गए हैं।

नगर आयुक्त के निर्देश पर जलकल विभाग द्वारा शहर में राहगीरों के लिए अस्थाई रूप से मटके वाले प्याऊ लगाने के लिए भी निर्देश दिए जिसके क्रम में प्रत्येक जोन में पांच अस्थाई प्याऊ लगाए गए हैं इस प्रकार 25 प्याऊ शहर में अलग से लगाए गए हैं, जिससे राहत का अनुभव हो रहा है। प्रत्येक जोन में पांच पांच अस्थाई मटके वाले प्याऊ भी लगवाए गए हैं तथा आवश्यकता को देखते हुए प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों तथा मार्गो में कैनेपी लगाकर मटकों को रखा गया है जिससे आने जाने वाले राहगीर शुद्ध शीतल जल का सेवन कर सकें।

नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग की टीम को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, सभी जोन में लगे हुए उपकरण के माध्यम से शहरवासियों को नियमित जलापूर्ति होती रहे, इसका विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ने कहा है कि जितना आवश्यक हो उतना ही जल का उपयोग करें।

### लोगों को मददगार सिद्ध हो रही है निगम की कार्ययोजना

करंट क्राइम। निगम के द्वारा लगे हुए लगभग 20 वाटर एटीएम शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने में मददगार सिद्ध हो रहे हैं। मेट्रो स्टेशन बस अड्डा चौराहा तथा अन्य सार्वजनिक स्थान सहित 20 स्थान पर वाटर एटीएम के द्वारा जलापूर्ति की जा रही है इसी क्रम में वाटर कूलर भी शहर में लगे हुए हैं जिनकी संख्या लगभग 42 है जिसमें कई सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं मोहन नगर जोन अंतर्गत 4, विजयनगर अंतर्गत 7, वसुंधरा जोन अंतर्गत 8, सिटी जोन अंतर्गत 17, कवि नगर जोन अंतर्गत 6 स्थाई वाटर कूलर कार्यशील है, जिनके द्वारा प्रतिदिन हजारों की संख्या में राहगिरियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

# सांसद अतुल गर्ग की जीत पर पार्षद कविता भाटी के कार्यालय पर मनाया जश्न





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्यामपार्क एक्सप्रेस वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने गाज़ियाबाद लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की शानदार जीत व देश में मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की जीत का जश्न अपने कार्यालय पर सभी सम्मानित वार्ड के निवासियों के साथ मिलकर उन सभी को लड्डू खिलाकर एवं लड्डू बांटकर जश्न मनाया मनाया ।

वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने बताया कि देश में तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है ।इस मौके पर वार्ड 83 पार्षद कार्यालय पर पार्षद कविता प्रवीन भाटी के साथ अशोक गुप्ता आटे वाले, नरेश चौहान, मुकेश शर्मा, मास्टर प्रवीण शर्मा, के.डी. शर्मा, विनोद निझावन, अनिल शर्मा, दीपक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, प्रमोद सिंघल, करमवीर नागर, दिवाकर मिश्रा, सुशील शर्मा, अरविंद कुमार मित्तल, गौतम, मनोज, उमेश गुप्ता, पंडितों आचार्य गिरीश गोस्वामी आदि वार्ड के सम्मानित निवासी उपस्थित रहे ।

## चुनाव परिणाम आते ही महापौर सुनीता दयाल आई एक्शन में

# अधिकारियों की बैठक में दिए भूमि कब्जाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** आम चुनाव परिणाम आते ही महापौर सुनीता दयाल नगर निगम की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एक्शन में आ गयी हैं। महापौर ने सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर सम्पत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह,सम्पत्ति अधीक्षक रामशंकर वर्मा, एवं कानूनगो सुरेन्द्र कौशिक को निगम की भूमि कब्जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। अभी पिछले कुछ महीनों से चुनाव होने के कारण नगर निगम



द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा हटाना व अन्य कार्य बंद कर दिए गए थे जिसकी एवज में शहर के कई स्थानों पर जैसे-गुलधर, नंदग्राम, जटवाड़ा, सैन विहार, विजय नगर आदि में भूमाफिया ने फिर से जमीनों पर कब्जे शुरू कर दिए। महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उपरोक्त स्थानों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम की भूमि पर कब्जा करने की सूचना मिलते ही निर्देश दिए जा चुके हैं। महापौर ने कहा कि भविष्य में निगम अपनी भूमि खाली कराकर खाली नहीं छोड़ेगा बल्कि उपरोक्त भूमि पर आय बढ़ाने की योजनाएं तैयार की जाएंगी जिससे शहर हित में विकास हो सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गीता संजय पार्क में महापौर एवं नगर आयुक्त ने लगाए फलदार पौधे

## अधिक पौधरोपण ही शहर के फेफड़ों का कार्य करेगाः मेयर सुनीता दयाल





**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम के उद्यान विभाग ने पौधरोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के तहत महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने पटेल नगर स्थित गीता संजय पार्क में 150 फलदार पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहां उपस्थित शहर के नागरिकों ने भी एक एक पौधा लगाया। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जिस प्रकार शहर में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और गर्मी का तापमान भी बढ़ रहा है ऐसे में शहर में सघन पौधरोपण किया जाना बहुत

● पौधों की देखरेख करना शहर के लोगों की जिम्मेदारी: नगर आयुक्त

जरूरी है अगर वृक्षारोपण नहीं किया गया तो प्रदूषण के साथ साथ तापमान भी बढ़ने की संभावना है। हालांकि नगर निगम हर वर्ष मियावाकी के माध्यम से बड़े स्तर पर पौधरोपण कर रहा है लेकिन शहर में अभी और वृक्ष लगाने की जरूरत है हमारे द्वारा लगाए जाने वाले पौधे भविष्य में शहर के फेफड़ों के कार्य करेंगे। महापौर ने सभी शहरवासियों से एक एक पौधा लगाने



एवं उसको बड़ा करने की जिम्मेदारी लेने की अपील भी की। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण अनिवार्य है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा एक लाख से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। कई सामाजिक संस्थाएं भी वायु गुणवत्ता सुधार में सहयोग हेतु कार्य कर रही हैं तथा अधिक से अधिक पौधरोपण किया जा रहा है। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह द्वारा बताया गया कि सभी पौधों के लालन पालन की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों एवं नजदीकी मंदिर के पुजारियों को दी गयी है, यह लोग इन 150 पौधों का ध्यान रखेंगे।

# व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता ने सांसद अतुल गर्ग को दी जीत की बधाई



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर गाजियाबाद के नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग को उनके निवास पर जाकर पुष्पगुच्छ प्रदान करते हुए पटका पहनाया और मिठाई खिलाकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता बालू भाई, राष्ट्रीय सलाहकार रितेश शर्मा, राजेंद्र मित्तल मैदी वाले, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, कपिल शर्मा, सौरभ यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ऋचा सूद ने जीता अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स डिसकस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** अयोध्या के डॉक्टर भीमराव इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम ढाबा सेमर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स डिसकस प्रजियागिता में गाजियाबाद की डॉ. ऋचा सूद को डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक से नवाजा गया है।

इस प्रतियोगिता में 1000 से ऊपर एथलीट्स भाग ले रहे हैं जिसमें लगभग 370 महिलाएं भाग ले रही हैं और विशेष तौर पर बांग्लादेश और श्रीलंका से आए हुए एथलीट्स भी शामिल हुए हैं। ऋचा सूद ने बताया कि बहुत ज्यादा गर्मी होने के कारण सभी की परफॉर्मेंस में अंतर दिखाई दिया। जो लोग अपना जितना बेस्ट देते थे लगभग सभी लोग उससे कम परफॉर्म कर पाए। गौरतलब है कि पिछले 3 साल से लगभग ऋचा सूद हर एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर गाजियाबाद का नाम रोशन कर रही है ।

## भाजपा की जीत में नंदग्राम मंडल की रही अहम भागीदारी: पंकज राय

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भाजपा के नंदग्राम मंडल अध्यक्ष पंकज राय ने बताया कि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में नंदग्राम मण्डल के सातों वार्ड और 138 बूथों पर नंदग्राम मण्डल ने इतिहास रचते हुए पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग की जीत में बहुत बड़ी भीगीदारी निभाई है। पंकज राय ने बताया कि 1.32000 वोटों के अंतर से कांग्रेस गठबंधन को नंदग्राम मण्डल में कार्यकर्ताओं ने हराया। इसी तरह 39000 वोटों के अंतर से बीएसपी और बाकी को नंदग्राम मण्डल में हराया। राजनगर एक्सटेंशन में भाजपा को 90% वोट हासिल हुए। बूथ संख्या 1112,1117,1123 पर लगभग 750 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। नंदग्राम मण्डल में वोट बीजेपी 78%, कांग्रेस 17%, बाकी 5% प्रतिशत पर रहे।

# युवक गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि रावली सुराना मार्ग पर गांव रावली कलां के पास मंगलवार रात पुलिस गश्त कर रही थी। इसी बीच एक बाइक सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। युवक के पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सिद्धार्थ उर्फ छिम्मन निवासी सुराना बताया है।

# सपा नेता जेपी कश्यप ने चुनाव परिणामों पर दी प्रतिक्रिया



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष जेपी कश्यप ने आम चुनाव सम्पन्न होने और चुनाव परिणाम आने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यही है भारतीय लोकतंत्र की खासियत, लोकतंत्र भी बच गया, ईवीएम पर भी निशाना साधने वाले भी चुप हो गये। विपक्ष भी तमाम आरोपों से बच गया ,सरकार भी बच गई।

# उद्यमी संदीप बंसल ने अमरनाथ भंडारा वाहन को किया रवाना



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** श्रीअमरनाथ युवा मंडल का भंडारा हर साल की भांति इस साल भी बालटाल और बुराड़ी मार्ग पर लगने जा रहा है जिसके सभी के सहयोग से भंडारा सामग्री एकत्र कर दिल्ली गेट गाजियाबाद से अमरनाथ के लिए रवाना की गई जो पहले संस्था के हेड ऑफिस करनाल पहुंचेगी और करनाल से सीधा बालटाल अमरनाथ पहुंचेगी। भंडारा वाहन को संदीप बंसल जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद ने झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में जिला युवा मोर्चा अध्यास प्रवीन गर्ग, गौरव गर्ग जिला प्रधान श्रीअमरनाथ युवा मंडल गाजियाबाद, अनिल गर्ग, हर्षित गर्ग, ईशान गर्ग, अक्षरा गर्ग, वैष्णवी गर्ग, तनीषा गर्ग उपस्थित रहीं।

# आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी में सारथी क्लब ने लगाया वाटर कूलर

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी की महिलाओं द्वारा संचालित संस्था सारथी महिला क्लब ने सोसाइटी के मुख्य द्वार पर गार्ड व अन्य सहायक कर्मचारियों की सुविधा को देखते हुए हुए एक वाटर कूलर रखवाया। इस वाटर कूलर से मिलने वाले शीतल जल का उपभोग सोसाइटी में काम करने वाले सभी कर्मचारी व निवासी एवं आगंतुक कर सकेंगे। वाटर कूलर के उद्घाटन के समय सारथी लेडीस क्लब की रुचि गुप्ता, ऋतु अग्रवाल, पूनम गुप्ता, मधु शर्मा, शिखा अग्रवाल, पारुल जैन मौजूद रहीं। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन एओए महिला प्रकोष्ठ मातृशक्ति की प्रमुख शिप्रा त्यागी ने बताया कि आशियाना पाम कोर्ट की महिलाओं द्वारा सर्वहित कार्यों हेतु संचालित यह संस्था वर्ष 2015 से सामाजिक कार्यों में संलिप्त है। उन्होंने कहा कि लगाए वाटर कूलर के पानी की सुविधा निःशुल्क रहेगी, जिसका आश्वासन उन्हें सोसाइटी के अध्यक्ष नगेंद्र सिंह सिंधु ने दिया है। फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी व महासचिव डॉ. सीमा शर्मा ने फेडरेशन की समस्त कार्यकारिणी की ओर से सारथी लेडीस क्लब की सभी सदस्यों को बधाई दी।

## किशोरी लापता ,अपहरण की आशंका

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की पुत्री दुकान पर सामान लेने की बात कहकर घर से निकली थी,लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं आई तो परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मानवता की ओर एक कदम ट्रस्ट द्वारा

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर किये 51 पौधे रोपित

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित सिटी पार्क ,सदरपुर रोड गोविंदपुरम में बुधवार को विशाल पौधरोपण का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था मानवता की ओर कदम ट्रस्ट ने हर साल की भांति विश्व पर्यावरण दिवस पर 51 पौधे छायादार और फलदार रोपित किये। विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में टूमीडिया के डायरेक्टर डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति, उत्थान समिति के चेयरमैन सत्येंद्र सिंह पर्यावरणविद, नीतू सिंह पर्यावरणविद, डॉ. राजीव त्यागी पर्यावरणविद, शिक्षाविद, ट्रस्ट के संस्थापक ने जामुन, आम, अमरूद,



बेलपत्र, गुलमोहर,अर्जुन, कनेर पापड़ी ,अर्जुन, चंपा आदि छायादार एवं फलदार पौध का रोपण स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। इसमें एच.डी. ग्लोबल स्कूल शताब्दीपुरम, ऋषिकुल ग्लोबल एकेडमी, अक्षय एन्क्लेव, सरस्वती इंस्टीट्यूट पब्लिक स्कूल ए ब्लॉक, गोविंदपुरम के 5 साल के बच्चे से लेकर 14



साल के बच्चों ने अपने हाथों से पौधरोपण किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति टूमीडिया के संस्थापक एवं डॉ. राजीव त्यागी राज संस्थापक मानवता की ओर एक कदम ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्रीन योद्धा के रूप में शैलेंद्र बाबा, मनोज डबास, तेजपाल चौहान, मुकेश राघव, श्रीखाटू श्याम समिति गोविंदपुरम के वरिष्ठ सदस्य एवं रीना त्यागी एवं के .के. त्यागी पर्यावरणविद, सुनील सक्सेना, छोटेलाल कनौजिया, अमित चौहान, प्रिंसिपल प्रीति चौहान एच.डी. ग्लोबल स्कूल, डॉ. ममता त्यागी डायरेक्टर एवं डॉ. आकांक्षा त्यागी प्रिंसिपल ऋषिकुल ग्लोबल स्कूल , सरस्वती इंस्टिट्यूट से डायरेक्ट सुनील शर्मा एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# लगातार तीसरी जीत पर दुनिया भर के नेताओं ने पीएम मोदी को दी बधाई

**वॉशिंगटन/काठमांडू/कोलंबो।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। यूएसआईएसपीएफ के बोर्ड ने देश के गौरवशाली लोकतांत्रिक इतिहास में एक और अध्याय को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए भारत की जनता को बधाई दी। मंच ने एक बयान में कहा, यूएसआईएसपीएफ का बोर्ड एनडीए को 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई देता है। उन्होंने आगे भारतीय लोकतंत्र की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ और पहचान मतदाता हैं।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने लिखा, नई चुनावी जीत पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई और अच्छे काम के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

### लोकतांत्रिक अभ्यास संपन्न होने पर हमें खुशी: प्रचंड

वहीं, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक्स पर लिखा, लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा और एनडीए की चुनावी जीत पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई। हमें भारत के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के सफल संपन्न होने पर खुशी है।

## भारतीय लोकतंत्र की तारीफ की








### भारतीय लोगों का भरोसा: विक्रमसिंघे

वहीं, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भी आम चुनाव में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी और उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं भाजपा नीत एनडीए को उसकी जीत पर हार्दिक बधाई देता हूं। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रगति और समृद्धि में भारतीय लोगों के भरोसे को दिखाता है। उन्होंने कहा कि निकटतम पड़ोसी के रूप में श्रीलंका भारत के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने विक्रमसिंघे की शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे आपका धन्यवाद। मैं भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी पर निरंतर सहयोगी की उम्मीद करता हूं।

### मॉरीशस के पीएम जगन्नाथ ने भी दी पीएम मोदी को बधाई

मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने भी पीएम मोदी को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी को ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई। आपके नेतृत्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र उल्लेखनीय प्रगति हासिल करना जारी रखेगा। मॉरीशस-भारत संबंध जिंदाबाद। इसके जवाब में मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री जगन्नाथ आपके बधाई संदेश के लिए धन्यवाद।




मॉरीशस हमारी पड़ोस पहले नीति, विजन सागर और वैश्विक दक्षिण के लिए हमारी प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मैं हमारी विशेष साझेदारी को और गहरा करने के लिए साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं।

### मुइज्जू ने भी दी बधाई

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भी पीएम मोदी को बधाई और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा व भाजपा नीत एनडीए को लगातार तीसरी बार आम चुनाव में सफलता पर बधाई। मैं दोनों देशों की साझा समृद्धि और स्थिरता के लिए हमारे हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को उत्साहित हूं।



**अमेरिका ने जताई दोनों देशों के बीच निरंतर साझेदारी की उम्मीद :** अमेरिका ने सात चरणों में 44 दिनों में होने वाले दुनिया के सबसे बड़े चुनावों को पूरा करने के लिए भारत की सराहना की और एनडी की लगातार तीसरी जीत के बाद दोनों देशों के बीच निरंतर करीबी साझेदारी की उम्मीद जताई।

यह पूछे जाने पर कि मोदी सरकार 3.0 में अमेरिका-भारत संबंध कैसे रहेंगे, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, मैं अमेरिका और भारत के बीच निरंतर करीबी साझेदारी की उम्मीद करता हूं। सरकार और लोगों के बीच दोनों स्तरों पर एक बड़ी साझेदारी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह जारी रहेगी।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कैसी रही दुनियाभर के मीडिया की प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के रुझानों में एनडीए और क्ठउक्रअ गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। रुझानों में एनडीए बहुमत के आंकड़े को पार कर चुकी है, लेकिन विपक्षी गठबंधन भी बहुत ज्यादा पीछे नहीं है। आंकड़ों का असर भारत के शेयर बाजार पर भी पड़ा है और शेयर बाजार में गिरावट आई है। भारत के चुनाव पर दुनियाभर की नजरें लगीं थी और अब शुरूआती रुझानों पर भी दुनियाभर के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है।



### पाकिस्तानी अखबार डॉन - गठबंधन ने रफ्तार पकड़ी

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन का कहना है कि भारतीय चुनाव में मोदी गठबंधन का दबदबा है, लेकिन विपक्षी गठबंधन भी रफ्तार पकड़ रहा है। अखबार ने लिखा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। वाराणसी सीट पर पीएम मोदी के आगे चलने की बात भी अखबार ने लिखी है।

### न्यूयॉर्क टाइम्स- उम्मीदों के विपरीत रुझान

अमेरिकी मीडिया संस्थान न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि भारत के लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है और शुरूआती रुझान उम्मीदों के विपरीत चल रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट में कहा शुरूआती रुझानों में भाजपा आगे है, लेकिन शायद भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर सकेगी और पार्टी को बहुमत के लिए छोटी पार्टियों का समर्थन लेना होगा। हालांकि रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अभी स्पष्ट तौर पर कह पाना मुश्किल है, लेकिन अगर ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा, जब पीएम मोदी अपने राजनीतिक करियर में पहली बार बगैर बहुमत के सरकार चलाएंगे।

### बीबीसी- भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही

बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया था, लेकिन शुरूआती रुझानों में मुकाबला कड़ा है और अब भाजपा को अकेले दम पर बहुमत पाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। शुरूआती रुझानों में एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच 60-70 सीटों का ही अंतर है और एनडीए एकतरफा जीत हासिल नहीं कर रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ता खुशी मना रहे हैं। वहीं भाजपा मुख्यालय पर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। हालांकि भाजपा के पार्टी प्रवक्ताओं का दावा है कि वह आराम से सरकार बना रहे हैं।

### सीएनएन- कांग्रेस मुख्यालय में खुशी

सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में शुरूआती रुझानों में भाजपा आगे चल रही है, लेकिन कांग्रेस मुख्यालय में खुशी की लहर है। एग्जिट पोल्स के निराशाजनक अनुमानों के विपरीत कांग्रेस कई सीटों पर आगे चल रही है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।


### अल जजीरा- मोदी की भाजपा बहुमत से पिछड़ी

अल जजीरा ने लिखा है कि रुझानों में मोदी की भाजपा बहुमत से पिछड़ रही है।

अल जजीरा ने रुझानों के चलते भारतीय शेयर बाजार में आई गिरावट का भी जिक्र किया है। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन की सीटें आधी होने को भी अल जजीरा ने प्रमुखता से लिखा। रिपोर्ट में महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन की जीत का भी जिक्र है। अमेठी से स्मृति ईरानी के पिछड़ने का भी जिक्र किया गया है।

# राष्ट्रपति मुइज्जू ने पीएम मोदी को दी जीत की बधाई, लिखा- साथ मिलकर काम करेंगे

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने 2024 के आम चुनाव में एनडीए की जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। मालदीव के राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि वह पीएम मोदी के साथ मिलकर काम करेंगे। भारत के आम चुनाव के नतीजे मंगलवार को जारी कर दिए गए, जिनमें भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने जीत हासिल की है। इस जीत को लेकर दुनियाभर के नेताओं से भारत और पीएम मोदी को बधाई दी जा रही है।




### मालदीव के राष्ट्रपति ने दी बधाई

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने लिखा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा और भाजपा नीत एनडीए को लगातार तीसरी बार आम चुनाव 2024 में जीत की बधाई। मैं दोनों देशों के साझा हितों, समृद्धि और स्थिरता के लिए साथ मिलकर काम करने की तरफ देख रहा हूं।' गौरतलब है कि मालदीव और भारत के रिश्ते बीते दिनों तल्खी के दौर से गुजरे और मोहम्मद मुइज्जू को चीन समर्थक और भारत विरोधी नेता माना जाता है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जीत की बधाई दी है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मेलोनी ने लिखा कि 'नई चुनावी जीत और अच्छे काम के लिए शुभकामनाएं। निश्चित है कि हम इटली और भारत को एकजुट करने वाली दोस्ती को मजबूत करेंगे और दोनों देशों के लोगों को भलाई से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करना जारी रखेंगे।'

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने लिखा 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए को दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत की बधाई। वो भारत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जा रहे हैं, मैं उनके साथ मिलकर काम करने की तरफ देख रहा हूं, जिससे दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हो सकें।'


श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमासिंघे ने भी पीएम मोदी को बधाई दी और लिखा कि 'भाजपा नीत एनडीए को जीत की बधाई। भारतीय लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रगति और समृद्धि में के प्रति अपना विश्वास दिखाया। सबसे करीबी पड़ोसी होने के नाते श्रीलंका, भारत के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर है।'

# चुनाव के नतीजों के बाद अमेरिका ने भारतीयों को दी बधाई, विदेश ताकतों के दखल के आरोपों का किया खंडन

**वाशिंगटन।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और देश में एक बार फिर भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनने वाली है। मंगलवार को जारी रुझानों के अनुसार, इंडी गठबंधन भी बहुमत से ज्यादा दूर नहीं था। लोकसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के बाद अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी। अमेरिका ने लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक भाग लेने और इसे खत्म कराने में भारत सरकार की सराहना की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने इस दौरान विदेश ताकतों के दखल के आरोपों का किया खंडन भी किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। भले ही तीन हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरकार भाजपा नीत एनडीए को बहुमत मिल ही गया।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को लोकसभा की 543 सीटों के नतीजे जारी किए, जिसमें भाजपा ने 240 सीटों पर और कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की। नतीजे जारी होने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भारत सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, ₹अमेरिका की तरफ से लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक भाग लेने और इसे खत्म कराने के लिए हम भारत सरकार और मतदाताओं का धन्यवाद करते हैं। हम अंतिम परिणाम देखने के लिए उत्सुक हैं।

## अमेरिका ने की भारत सरकार की सराहना



लोकसभा चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए मिलर ने कहा, ₹मैं इस चुनाव में विजेताओं और हारने वालों को लेकर कोई टिप्पणी नहीं करने वाला हूं, जैसा कि हमारे मामलों में अक्सर होता है। हमारे लिए जो महत्वपूर्ण है और पिछले छह हफ्तों में हमने जो देखा वह लोकतंत्र के इतिहास का सबसे बड़ा अभ्यास है। क्योंकि भारत के लोग मतदान के लिए आए।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अमेरिका सहित पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय चुनावों में बाहरी प्रभाव की रिपोर्टों का भी खंडन किया। उन्होंने कहा, ₹हम हमेशा अपने विचार विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करेंगे। हम अपने विचार निजी तौर पर विदेशी सरकारों के साथ साझा करते हैं।

जब हमारे पास कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जिन्हें लेकर हम चिंतित होते हैं तो उन्हें हम सार्वजनिक रूप से व्यक्त करते हैं। मैंने भी यही किया।₹ मिलर ने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी जारी रहे।



# चीन ने जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी को दी बधाई

**नई दिल्ली।** बुधवार को चीन ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखते हुए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है।

मंगलवार को भारत में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया। इस पर चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत हुई, उन्हें बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। दोनों देशों के बीच के मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के हित के लिए आवश्यक है। देश में शांति और विकास के लिए यह जरूरी है। माओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के में हित को देखते हुए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य को देखते हुए द्विपक्षी संबंधों को स्थिर ट्रैक पर आगे बढ़ना चाहते हैं। बता दें कि पैंगोंग त्सो (झील) क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों देशों के बीच व्यापार को छोड़कर संबंध कमजोर हो गए थे। गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों ने अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता की है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में कुल 543 लोकसभा सीटों में से भारतीय जनता पार्टी ने 240 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस ने 99 सीटें हासिल की हैं।

# एनडीए की तीसरी जीत पर नेतन्याहू-जेलेंस्की ने पीएम मोदी को दी बधाई

भाजपा तीसरी बार लोकसभा चुनाव में भारत की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए जल्द ही सरकार बनाने का एलान कर सकता है। नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। ऐसे में दुनिया भर के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दे रहे हैं। इस्राइल, यूक्रेन, जमैका सहित अन्य देशों के प्रमुखों ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दी हैं।

**इस्राइल के प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं :** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी लोकसभा चुनाव में तीसरी जीत पर पीएम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार फिर से चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं।

**यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दी बधाई :** इसके अलावा, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मैं भारत में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों के सफल आयोजन का स्वागत करता हूं। भारत के संसदीय चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और एनडीए की जीत हुई है। सभी को बधाई।

**ताइवान के प्रधानमंत्री ने दी बधाई :** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों को और आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने इंडो-पैसिफिक में शांति और समृद्धि की वकालत की। उन्होंने भारत ताइवान सहयोग को विस्तार देने पर जोर दिया। उन्होंने एक्स पर बधाई दी है।



**सिंगापुर के पीएम ने भी शुभकामनाएं दी :** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी आज प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि एनडीए की लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत पर बधाई हो नरेंद्र मोदी। वोंग ने कहा कि सिंगापुर भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने के लिए और अगले साल राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तैयार है।

**इन वैश्विक नेताओं ने भी दी है बधाई :** इससे पहले, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि नई जीत पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई और अच्छे काम के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक्स पर लिखा कि लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा और एनडीए की चुनावी जीत पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने भी पीएम मोदी को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी को ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई। आपके नेतृत्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र उल्लेखनीय प्रगति हासिल करना जारी रखेगा। मॉरीशस-भारत संबंध जिंदाबाद।

# गठबंधन सरकार में कम हो जाएगी भाजपा सांसदों की 'कैबिनेट में हिस्सेदारी'

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया। ऐसे में जल्द ही नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रही है। जानकारों का मानना है कि अगर एनडीए ही नई सरकार बनाती है, तो इस बार कैबिनेट जरूर पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी। खासतौर से नई सरकार के मंत्रिमंडल में गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेताओं को ठीक-ठाक जगह मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दरअसल 2019 की मोदी कैबिनेट में शुरूआती चरण में बतौर कैबिनेट मंत्री शिरोमणि अकाली दल और लोक जनशक्ति पार्टी और जेडीयू को ही मौका दिया गया था। लेकिन इस बार कैबिनेट मंत्री बनने की फेहरिस्त में ही घटक दलों का मजबूत दबाव माना जा रहा है।

इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने वाली है। गठबंधन भी ऐसा, जिसमें भाजपा सरकार बनाने के नंबर से पीछे है। ऐसी दशाओं में सियासी गलियारों में चर्चाएं इसी बात की हो रही हैं, क्या नया एनडीए का कैबिनेट पूरी तरीके से भाजपा के हिस्से में आएगा या बंटवारा होगा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बार कैबिनेट की पूरी तस्वीर बदली हुई होगी। राजनीतिक विश्लेषक हरमोहन चंदेल कहते हैं कि 2019 की सरकार में बनाई गई कैबिनेट और 2024 की बनने वाली कैबिनेट पूरी तरह से अलग होगी। वह कहते हैं कि पिछली बार भारतीय जनता पार्टी के पास अपने सांसद इतने थे कि घटक दलों के सांसदों की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन भाजपा ने गठबंधन का धर्म निभाते हुए दो राजनीतिक दलों को कैबिनेट में जगह दी। शिरोमणि अकाली दल से हरसिमरत कौर बादल और लोक जनशक्ति पार्टी से रामविलास पासवान को कैबिनेट में जगह दी गई।




राजनीतिक जानकार बताते हैं कि सिर्फ कैबिनेट मंत्रालय में ही नहीं, राज्य मंत्रियों के हिस्से में भी पिछली सरकार में भारतीय जनता पार्टी ने घटक दलों को उतनी हिस्सेदारी नहीं दी थी। वरिष्ठ पत्रकार शरद कुमार कहते हैं कि 2019 में जब मोदी सरकार बनी, तो इस्पात मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री के तौर पर धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी दी गई। हालांकि बाद में यह मंत्रालय जदयू के हिस्से में आरसीपी सिंह के पास आ गया।

# सरकार ने बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर काम करेंगे : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में अपने मंत्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा है कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया, आगे और बेहतर काम करेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पीएम आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव तो आता रहता है, संख्या का खेल चलता रहता है। लेकिन, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बहुत अच्छा काम किया है, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए, जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवें नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनी और एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हम देशहित में और भी बेहतर काम करके दिखाएंगे। सूत्रों की माने तो, विपक्षी दलों के दावे को नकारते हुए पीएम मोदी ने बैठक में यह भी कहा कि एनडीए की जीत हुई है। लेकिन, दूसरे लोग उछल रहे हैं। इससे पहले बुधवार को ही प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा (17वीं लोकसभा) को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दी गई थी। पीएम आवास पर कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को अपना और अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नई सरकार के कार्यभार संभालने तक उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से बयान जारी कर बताया गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति से मुलाकात की और मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नरेंद्र मोदी और मंत्रिपरिषद से नई सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की है।

मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाई। प्रधानमंत्री को भेंट किए गए गुलदस्ते में 3 कमल के फूल थे, जो उनके लगातार तीसरे कार्यकाल का प्रतीक थे। कमल के फूल लिली के फूलों से घिरे हुए थे। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ को प्रधानमंत्री मोदी ने किसान पुत्र कहा था। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को राजस्थान का स्वादिष्ट व्यंजन चिड़ावा का पेड़ा और प्रमुख कृषि उत्पाद मेरठ का गुड़ भी परोसा गया। यह व्यंजन खास तौर पर ग्रामीणों व किसानों द्वारा खूब पसंद किए जाते हैं।

## राजद न अपने वोट बैंक को सहेज सकी, न उसका 'ए टू जेड' फॉमूर्ला हुआ सफल

**पटना।** लोकसभा चुनाव में देश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी भाजपा और बहुमत के साथ जनादेश प्राप्त कर एनडीए ने सरकार बनाने को लेकर कवायद शुरू कर दी है। बिहार में भी एनडीए विपक्षी दलों के महागठबंधन से बहुत आगे है। इस चुनाव के परिणाम पर गौर करें तो साफ दिखता है कि राजद के नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी प्रचार में 251 चुनावी सभा कर भले सबसे आगे रहे हों, लेकिन, सही अर्थों में राजद इस चुनाव में न अपने वोट बैंक को सहेज सकी न उसका 'ए टू जेड' फॉमूर्ला ही सफल हो सका। महागठबंधन में शामिल राजद ने रणनीति के तहत क्षेत्रीय जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा था। तेजस्वी यादव ने चुनाव से पहले ही 'ए टू जेड' की चर्चा शुरू कर इस बात के संदेश दिए थे कि राजद सिर्फ एम-वाई यानी यादव-मुस्लिम वोट बैंक पर नहीं, बल्कि सभी जातियों को साधने की कोशिश में है।

# हार की समीक्षा की जाएगी, हरियाणा में भाजपा की सीटें कम होने पर बोले मनोहर लाल



**करनाल।** लोकसभा चुनाव के परिणाम अब सामने आ चुके हैं। हरियाणा की अगर हम बात करें तो यहां की दस में से पांच सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। हालांकि, भाजपा नेता, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी मनोहर लाल की ओर से लगातार प्रदेश की सभी दस सीटों पर जीत का दावा किया जा रहा था।

भाजपा की सीट कम होने पर अब प्रदेश के पूर्व सीएम मनोहर लाल का बयान सामने आया है। मनोहर लाल ने कहा कि जाहिर है कि जितना लक्ष्य निर्धारित किया था, उतना हासिल नहीं कर पाए, फिर भी जो परिणाम आए हैं उसे हम स्वीकार करते हैं। हार की वजहों की समीक्षा की जाएगी, प्रत्याशी की ओर से कमी रही हो या फिर पार्टी की ओर से या जनता की हमसे जो उम्मीदें थे, उसमें कोई कमी रह गई हो।

इन सभी बातों पर समीक्षा की जाएगी और कमी दूर की जाएगी। राहुल गांधी के इंडी गठबंधन की जीत के दावे पर उन्होंने कहा कि वह जीत नहीं पाए हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने गलत बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बिना किसी विवाद के चुनाव पूरा हुआ, उसके लिए प्रदेश की जनता, संस्थाओं और चुनाव आयोग का आभार।

लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद अब सरकार बनाने की कवायद तेज हो चुकी है। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के साथ अपना इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस्तीफा स्वीकार कर करते हुए पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से नई सरकार बनने तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के परिणाम में इस बार भाजपा बहुमत से दूर है लेकिन एनडीए बहुमत के पार है।

# यूपी में चुनाव से ठीक पहले पाला बदलने वाले दल-बदलुओं को हुआ भारी नुकसान



**लखनऊ।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जिन लोगों ने आखिरी समय में पार्टी बदली थी, उनके लिए यह चुनाव बुरी खबर लेकर आया। अधिकांश दल-बदलुओं को हार का सामना करना पड़ा है। दल-बदलुओं में सबसे बड़ा उलटफेर अंबेडकर नगर से रितेश पांडे का हुआ। चुनाव से ऐन पहले बीएसपी सांसद बीजेपी में चले गए, लेकिन समाजवादी पार्टी के लाली वर्मा से 1.37 लाख वोटों से हार गए। बीएसपी से कांग्रेस में आए दानिश अली भी अपनी सीट गंवाने वाले सांसद रहे। दानिश अली अमरोहा सीट पर करीब 30,000 वोटों से हार गए। बीएसपी से टिकट नहीं मिलने पर भदोही के सांसद रमेश बिंद आखिरी समय में मिजार्पुर सीट से चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी में चले गए और 38,000 वोटों से हार गए। बीएसपी से बीजेपी में आए अन्य उम्मीदवारों में सुरेश सिंह, हितेंद्र कुमार, नंद किशोर पुंधीर, सारिका सिंह बघेल, सच्चिदानंद पांडे और राजेंद्र सिंह सोलंकी शामिल हैं। ये सभी चुनाव हार गए। जिन लोगों को हार का सामना करना पड़ा उनमें विजेंद्र सिंह बिजनौर (आरएलडी से बीएसपी में गए), आबिद अली (एसपी से बीएसपी में गए) और माजिद अली (आजाद समाज पार्टी से बीएसपी में गए) शामिल हैं। हालांकि इस बीच पार्टी बदलने के बावजूद दो उम्मीदवार अपनी सीट बचाने में सफल रहे -- गाजीपुर से अफजाल अंसारी और श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा। दोनों नेता चुनाव से पहले बीएसपी से एसपी में चले गए थे। अफजाल अंसारी अपनी गाजीपुर सीट बचाने में सफल रहे, जबकि राम शिरोमणि वर्मा ने श्रावस्ती से बीजेपी के साकेत मिश्रा को हरा दिया।

# कर्नाटक में सरकारी कर्मचारी की मौत के मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर




**बेंगलुरु।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कांग्रेस सरकार के एक मंत्री के मौखिक निर्देश पर 187 करोड़ रुपये की राशि के अनुचित इस्तेमाल का आरोप झेल रहे जनजातीय कल्याण विभाग के एक कर्मचारी की आत्महत्या के मामले में एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई के एफआईआर दर्ज करने से राज्य की कांग्रेस सरकार की चिंताएं बढ़ गई हैं। विपक्षी भाजपा युवा सशक्तीकरण, खेल एवं जनजातीय कल्याण मंत्री बी. नागेंद्र के इस्तीफे की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। उसने कांग्रेस पार्टी को मंत्री पर कार्रवाई के लिए गुरुवार तक का अल्टीमेटम दिया है। भाजपा का दावा है कि जनजातीय कल्याण के लिए आवंटित 187 करोड़ रुपये की राशि सरकारी खाते से निजी खाते में स्थानांतरित कर दी गई और उसका इस्तेमाल तेलंगाना तथा देश के दूसरे हिस्सों में कांग्रेस के चुनाव अभियान के लिए किया गया। भाजपा का आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की जानकारी के बिना इतनी बड़ी राशि स्थानांतरित करना असंभव है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बेंगलुरु शाखा के प्रबंधन द्वारा शिकायत के बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। इसमें तीन बैंक कर्मचारियों सहित पांच लोगों के नाम हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एफआईआर में कहा गया है कि घोटाले में सरकारी अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य लोग शामिल हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के अधीक्षक चंद्रशेखरन पी. (52) ने पिछले सप्ताह कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उसने एक सुसाइड नोट छोड़ा था जिसमें एक मौजूदा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों पर राशि के अनुचित इस्तेमाल के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया गया था। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया था कि अवैध ट्रांजेक्शन पर सवाल उठाने के लिए उसे प्रताड़ित और अपमानित किया गया।

उसके परिवार ने दावा किया कि उसकी जानकारी के बिना पैसे स्थानांतरित होने के बाद वह बेहद दबाव में था। सूत्रों ने बताया कि सरकारी कर्मचारी की आत्महत्या के बाद हुई खिंचाई के कारण सिद्दारमैया मंत्री से इस्तीफा मांगने पर विचार कर रहे हैं। राज्य सरकार ने जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के भीतर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अभी उसकी प्राथमिक रिपोर्ट नहीं आई है।

## विशाल जनादेश ने हमें सौंपी बड़ी जिम्मेदारी : चंद्रबाबू नायडू

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कहा कि विशाल जनादेश दे कर आंध्र प्रदेश की जनता ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वो पूरी तरीके से खरा उतरने की कोशिश करेंगे। टीडीपी-जेएसपी-बीजेपी गठबंधन की भारी जीत के बाद, नायडू ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे उनकी सेवा करने के लिए यहां हैं। उन्होंने कहा, हम शासक नहीं हैं। हम आपकी सेवा करने के लिए यहां हैं। उन्होंने कहा, राज्य को फिर से पटरी पर लाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। वे एक प्लान बनाएंगे और उसी के अनुसार आगे बढ़ेंगे।नायडू ने कहा कि नई सरकार के पास राज्य की अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने और घोषणापत्र में किए गए वादों को लागू करने का काम है।

# महाराष्ट्र में भाजपा के खराब प्रदर्शन की फडणवीस ने ली जिम्मेदारी, इस्तीफे की कर डाली पेशकश

● फडणवीस ने कहा कि कहां कमियां रह गई है उसे ठीक करने की कोशिश करूंगा। मैं भागने वाला आदमी नहीं हूं



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे सामने आ चुके हैं। रिजल्ट में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिल चुका है। ऐसे में अब तीसरी बार एनडीए सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी बीच महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश कर दी है। उन्होंने राज्य में पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने भाजपा हाईकमान से मांग की है कि उन्हें उनके पद से मुक्त किया जाए। ताकि वह पार्टी के लिए काम कर सकें। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की सारी जिम्मेदारी एक लीडर के रूप में मेरे ऊपर थी। महाराष्ट्र में एक प्रकार से हार मिली है और सीटें कम हुई है। इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरी है, मैं इसे स्वीकार करता हूं। फडणवीस ने आगे कहा कि कहां कमियां रह गई है उसे ठीक करने की कोशिश करूंगा। मैं भागने वाला आदमी नहीं हूं और जोरों से मैदान में उतरूंगा। हमारी पूरी पार्टी को साथ में लेकर हम नई रणनीति तैयार करेंगे। नई रणनीति करके हम लोग जनता के बीच जाएंगे। जनता का जो विश्वास है, उसे फिर हासिल करेंगे। महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो, महाराष्ट्र की 48 सीटों में से कांग्रेस ने 13, भाजपा ने 9 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को भी 9 सीटों पर जीत प्राप्त हुई है।

इसके अलावा शरद पवार के खेमे वाले एनसीपी को आठ, सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी को सात सीटों पर जीत मिली है। जबकि, अजित पवार को एक सीट और एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में आई। पिछले लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा ने 23 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन, इस बार भाजपा 9 सीटों पर जीत दर्ज कर पाई है।

# कांग्रेस झूठ की जनरेटर, लोगों को गुमराह करती है : सांसद पीपी चौधरी



**जयपुर।** राजस्थान की पाली लोकसभा सीट से पीपी चौधरी ने जीत की हैट्रिक लगाई और तीसरी बार सांसद बने। पीपी चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल को 2,45,351 वोटों से हराया। सांसद बनने के बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य ऊपर नीचे होता रहता है। पीपी चौधरी ने कहा कि लक्ष्य कम ज्यादा होता रहता है, जनता का आदेश सर आंखों पर। इस बार हम किसी भी सूरत में कॉम्प्रोमाइज नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में विश्व में भारत का मान और सम्मान बढ़ाया है, वह अनुकरणीय है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। पूरे विश्व में बड़े-बड़े नेता और विश्व की एजेंसियां यह मानती है कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के नेता हैं और उनके सबसे ज्यादा फैन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे विश्व में भारत का नाम किया। पिछले 10 साल में पीएम मोदी ने जो योजनाएं चलाईं, उसका लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचा। सभी का सम्मान के साथ बिना किसी भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास करना बहुत बड़ी बात है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ बोलती रही है। कांग्रेस झूठ का जनरेटर है, आमजन को गुमराह कर, झूठ बोलकर अपना काम चलाती है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि काठ की हांडी कितने दिन तक चलेगी, आखिर लोगों को पता चलेगा ही कि कांग्रेस कहां खड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपके माध्यम से सभी वोटर्स और कार्यकताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। लोगों ने मेरे ऊपर विश्वास और भरोसा जताया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने तीसरी बार मुझे मौका दिया और उनके विकास कार्यों के चलते उन्हें ये जीत मिली है। हमें जो काम दिया जाएगा उसे भली भांति हम करेंगे।

# अभिषेक बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले कहा, कोई किंगमेकर नहीं है



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कोलकाता से रवाना होने से पहले कहा कि आगे बढ़ने के लिए सामूहिक फैसला लेने की जरूरत है। कोई किंगमेकर नहीं है।

अभिषेक बनर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा, पहले बैठक होने दीजिए, उसके बाद ही मैं कुछ कह पाऊंगा। अलग-अलग राज्यों से राजनीतिक दल वहां जुट रहे हैं। कुछ तमिलनाडु से आ रहे हैं, कुछ बिहार से और कुछ पंजाब से। सिर्फ दो सीटें जीतने वाली कोई भी पार्टी बैठक में हिस्सा ले रही है, जबकि 29 लोकसभा सदस्यों वाली तृणमूल कांग्रेस भी बैठक में हिस्सा ले रही है।

पहले बैठक हो जाने दीजिए, कोई किंगमेकर नहीं है। देश के आम लोग ही सही मायने में किंगमेकर हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा नेतृत्व पश्चिम बंगाल में जितनी बड़ी सफलताओं की उम्मीद लगाएगा, राज्य के आम लोग तृणमूल कांग्रेस को उससे ज्यादा समर्थन देंगे।

अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने कहा था कि वे 200 पार करेंगे। लेकिन हकीकत में तृणमूल कांग्रेस ने 200 पार कर लिया। इस बार उन्होंने पश्चिम बंगाल से 30 सीटें जीतने का दावा किया। लेकिन हकीकत में हमने 29 सीटें जीत ली। इसलिए मैं चाहता हूं कि वे बार-बार बंगाल आएं और ऐसे अनुमान लगाएं।

# 400 पार के लिए काम करना होता है, कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहतर : भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**रोहतक।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एक तरफ सरकार बनाने की कवायद तेज हो चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ सियासी बयानबाजियों की भी भरमार है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा को निशाने पर लिया। भाजपा के चार सौ पार के नारे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कहने से पार नहीं होता, इसके लिए काम करना होता है और लोगों का मन जीतना होता है। हरियाणा में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहतर रही है और कांग्रेस का मत प्रतिशत बढा है। लोग कांग्रेस को समर्थन देने का मन बना चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। मतदाताओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा है कि इस बात के लिए वह उनकी तारीफ करते हैं कि वह भाजपा के चाल में न फंसें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच था। इशारों-इशारों में इनेलो और जेजेपी को वोट कटवा बताते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग 'वोट कटवा' थे और इनका मुकाबला नोटा से था। बोगस पोलिंग पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हार के बाद ऐसे आरोप लगाए जाते हैं। सरकार और प्रशासन दोनों भाजपा का था। अगर ऐसी बात थी तो चुनाव आयोग से शिकायत क्यों नहीं की। हरियाणा के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में दिल खोलकर वोट दिया है। यही कारण है कि कांग्रेस जीरो से पांच पर पहुंची है और भाजपा 10 से 5 पर आ गई है। बता दें कि हरियाणा लोकसभा की 10 में से पांच सीट पर भाजपा और पांच सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। अंबाला, हिसार, रोहतक, सिरसा और सोनीपत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत हुई है, वहीं, भिवानी-महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल और कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा उम्मीदवार की जीत हुई है।

## वाम मोर्चे के खराब प्रदर्शन पर सीएम विजयन ने कहा, आत्म निरीक्षण करेंगे



**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव में वाम मोर्चे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि इसका मंथन किया जाएगा। सीएम विजयन ने एक बयान में कहा, 2019 में भी हमें इसी तरह का जनादेश मिला था। हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और हम आत्म मंथन करेंगे और जरूरी सुधार करेंगे, शासन में गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। हम लोगों के बीच जाकर उन्हें यह बताएंगे कि सरकार को कैसे बदनाम किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में वाम मोर्चे का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। उसे सिर्फ एक सीट मिली जबकि कांग्रेस नीत यूडीएफ 18 सीटों पर विजयी रहा। भाजपा ने एक सीट पर जीत के साथ पहली बार राज्य में अपना खाता खोला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन ने कन्नूर लोकसभा सीट पर बड़ी जीत के साथ अपनी सांसदी बरकरार रखी। उनकी जीत का अंतर बढ़कर एक लाख के पार हो गया। उन्होंने सवाल किया, आत्म चिंतन के लिए बचा ही क्या है? सीएम विजयन और सुधाकरन दोनों कन्नूर से ताल्लुक रखते हैं। कॉलेज के दिनों से ही दोनों की प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है। सीएम विजयन के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने कहा कि त्रिशूर में भाजपा की जीत मुख्यमंत्री और भाजपा के बीच गुप्त समझौते का नतीजा है। सतीशन ने कहा, विजयन पूरे चुनाव अभियान के दौरान कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमलावर रहे, लेकिन भाजपा या उसके नेताओं के खिलाफ उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। हम कुछ समय से भाजपा और विजयन के बीच गुप्त समझौता होने की जो बात कह रहे थे, त्रिशूर के नतीजों से अब वह सच साबित हो गया है।

# गुड़गांव के सात लाख से ज्यादा लोगों का आभारी हूं : राज बब्बर



**गुरुग्राम।** कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर हरियाणा की गुड़गांव लोकसभा सीट जीतने में असफल रहे। लेकिन उन्होंने भाजपा के विजयी उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह को कड़ी टक्कर दी।

हरियाणा की राजनीति में पहली बार एंट्री के बावजूद राज बब्बर को 7 लाख 33 हजार 257 वोट मिले। जबकि, भाजपा उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह को 8 लाख 8 हजार 336 वोट मिले। अभिनेता से राजनेता बने राज बब्बर ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वोट देने के लिए निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का धन्यवाद किया। राज बब्बर ने कहा कि सबसे पहले मैं इस क्षेत्र के वोटरों और सात लाख से ज्यादा परिवारों का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और कांग्रेस को वोट दिया। लोग चाहते हैं कि उनके बुनियादी मुद्दों पर ध्यान दिया जाए। मैं निर्वाचन क्षेत्र में रहूंगा और लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। गुड़गांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने पर राज बब्बर की भाजपा ने बाहरी व्यक्ति के रूप में उनकी जमकर आलोचना की थी। राज बब्बर करीब 20 दिनों के अपने छोटे अभियान के दौरान अहीर बहुल क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने में सफल रहे।

## अतुल गर्ग के सांसद बनने पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सांसद अतुल गर्ग की जीत पर उत्साह से इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरनीत बक्शी ने कार्यकताओं ने मिठाइयां बांट अपनी खुशियों का इजहार किया। पार्टी कार्यकताओं में भी जोश बढ़ने लगा। जैसे ही भाजपा को निर्णायक बढ़त मिली तो पदाधिकारी व कार्यकर्ता जगह-जगह पटाखें फोड़ मिठाइयां बांटना शुरू कर दिए। यह जश्न देर रात तक जारी रहा। इंदिरापुरम मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी के नेतृत्व में पटाखे फोड़े गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। उन्होंने ने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकताओं ने भीषण गर्मी में भी पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाने में अथक परिश्रम किया और मोदी की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाया। जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की दिशा में अपना जनादेश दिया है। इस अवसर पर सोनवीर सिंह, सतवीर शर्मा, सतीश कसाना, देवाशीष दत्ता, सुनील शर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जय श्री सिन्हा, गायत्री पांडे, कविता शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद करंट क्राइम। शिक्षाविद तथा लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ अतुल जैन ने लोकसभा सांसद निर्वाचित होने पर अतुल गर्ग को बधाई शुभकामनाएं दी।

# क्राइम ब्रांच ने पकड़ा 50 हजार का ईनामी बदमाश

## मोबाइल टावर के पार्ट्स चोरी का है मेराजुद्दीन एक्सपर्ट, कई प्रदेशों में करता रहा है चोरियां

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई अन्य राज्यों में मोबाइल टावर से कीमती सामान पार्ट चोरी करने वाले 9वी फेल शातिर चोर मेराजुद्दीन उर्फ मेहराजु को गिरफ्तार किया है।मोबाइल टावर के कीमती डिवाइस और सामान चोरी करने का एक्सपर्ट मेराजुद्दीन पहले कबाड़ी का धंधा करता था। जब उसमें प्रॉफिट नहीं हुआ तो उसने चोरी के रास्ते को अपनाया। पुलिस ने इसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने प्रेसवार्ता कर गिरोह के पूर्व में पकड़े गए सदस्य और इस आरोपी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।



### कई राज्यों में फैला है मेराजुद्दीन का नेटवर्क

**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि मोबाइल टावर के पार्ट्स और कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य मेराजुद्दीन 50 हजार का इनामी है। बीते दिनों इसके कई साथी जेल भेजे गए, पुलिस इसकी तलाश कर रही थी, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मेराजुद्दीन का नेटवर्क पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र , मध्य प्रदेश, गाजियाबाद , नोएडा , दिल्ली- एनसीआर के साथ ही उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में एक्टिव है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए मिराजुद्दीन से लाखों रुपए का चोरी का माल भी बरामद किया है।

### गिरोह के और भी कई सदस्य आए रडार पर

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच ने बताया है कि पकड़े गए मेहराजुद्दीन का बहुत सारे चोरी करने वाले लोगों से संपर्क है, जो अलग-अलग प्रदेशों में मोबाइल टावर में चोरी किया करते हैं। मेराजुद्दीन कुछ खास पार्ट्स बेहद आसानी से चुराने का एक्सपर्ट है। इसीलिए यह अन्य जनपदों में भी ऑन डिमांड चोरी करने के लिए जाया करता था, पुलिस का कहना है कि मेराजुद्दीन पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के मुरादनगर थाने के अलावा भी लगभग आधा दर्जन अलग-अलग चोरी के मामलों के मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और उसके संपर्क वाले अन्य बदमाशों को ट्रेस करने का काम किया जा रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सेंट्रल पार्क में पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बच्चों के साथ किया पौधरोपण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को वार्ड 72 के सेंट्रल पार्क कौशांबी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस पौधारोपण किया गया । पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने कहा कि लव केयर फाउंडेशन द्वारा स्कूली बच्चों के साथ कौशांबी सेंट्रल पार्क में 50 के करीब पौधारोपण किया गया। और बच्चों द्वारा संकल्प लिया गया। कि इन पौधों की देखरेख भी करते रहेंगे, उन्होंने कहा पेड़ हैं, तो जीवन है, हर एक व्यक्ति को साल में कम से कम 100 पौधे लगाने चाहिए जिससे ऑक्सीजन की कमी ना हो। इस अवसर पर डायरेक्टर संजय दादरु समाजसेवी सुनील गांधी रीमा सहित लोग उपस्थित रहे।





### शीतल जल वितरण







गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव और उनकी पत्नी आंचल लव ने तीसरी बार भाजपा सरकार आने की खुशी में तहसील कंपाउंड स्थित अपने कार्यालय पर शीतल जल वितरण किया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, अशोक त्यागी तथा वार्ड 39 के क्षेत्र वासी मौजूद थे। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि ये गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था काउंटिंग स्थल के बाहर, वहाँ पर जनप्रतिनिधियों के बीच एक चर्चा हुई थी ? मैंने कान लगा सुना तो कोई कह रहा था, जब हुआ था गर्ग साहब का टिकट तब एक मजबूत लेडी नेता फूट फूट कर रोई थी ? मैंने जब जानना चाहा इन सब नेताओं से उन महिला नेता का नाम ? कसम ऊपर वाले की देखते ही बन रही थी इन सब के चेहरों पर कुटिल वाली मुस्कान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमेशा खुलकर रखते है अपने दिल के जज्बात ? जब उनसे किसी ने पूछा आपके चुनाव में भगवा कमांडर का कितना योगदान रहा, ये शब्द सुनने के बाद गर्ग साहब ने खुलकर रख दिये अपने अल्फाज ? उन्होंने कहा, पूरे चुनाव में मुझे मिला कमांडर का साथ सबसे ज्यादा ? उन्होंने पूरी मेहनत से निभाया अपना वादा ? मौके पर दे दिये गर्ग साहब ने कमांडर को नंबर सौ में से सौ ? उन्होंने कहा जीत तो प्रचंड मिलनी ही थी जब अध्यक्ष संजीव शर्मा जैसा हो ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था काउंटिंग स्थल के बाहर भाजपा के ठिकाने पर मौजूद ? यह पर पूरी मजबूती से नजर आ रहा था रेखा पार वाले राजपूत का वजूद ? गर्ग साहब इस चेहरे को भाव देते हुए लगातार ले रहे थे पूरी काउंटिंग वाली रिपोर्ट ? ऐसा लग रहा था जल्द ही मिल जाएगा इस चेहरे को उनके प्रतिनिधि वाला नाम ? देखते ही बन रही थी राजपूत के चेहरे पर मुस्कान ? कहने वाले ने कहा, नई ज़िम्मेदारी लगता है अब जल्द ही होगी अपडेट ? जल्द ही ट्रू कॉलर पर हो जायेगा राजपूत भैया का नंबर सांसद प्रतिनिधि के नाम पर सेट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ का वेस्टर्न वाला कार्यालय उस वक्त सुर्खय़िों में आ गया यार ? सुना है जिस वक़्त हुई काउंटिंग समाप्त, वेस्टर्न वाले ऑफिस पर जश्न बना काफी जोरदार ? जश्न की इस खबर ने कर दिया था पार्टी शीर्ष नेतृत्व को बहुत ज्यादा हैरान ? ऊपर बैठे नेता कहा रहे थे, पार्टी बहुमत के आँकड़े से दूर रह गई ? फिर किसके कहने पर बना कार्यालय पर जीत का जश्न मनाने का प्रोग्राम ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे काउंटिंग के दौरान गर्ग साहब के पास ? देखते ही बन रही थी उनके चेहरे पर मुस्कुराहट ? उन्होंने मौके पर किया मीडिया वालों के सामने बड़ा खुलासा ? कहा हमे विपक्ष के एक उम्मीदवार से है बहुत ज्यादा दिलासा ? गर्ग साहब लाए अंदर की बात बाहर ? कहा मेरे प्रतिद्वंदी उम्मीदवार अपना घर वाला बूथ भी गये है हार ? ये शब्द कहकर गर्ग साहब के चेहरे पद आ गई फिर मीठी सी मुस्कान ? काफी जोर लगाने के बावजूद उन्होंने नहीं बताया बूथ पर पराजित होने वाले प्रत्याशी का नाम ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा गर्ग साहब के घर के बाहर बधाई वाले होर्डिंग लग गये है खूब ? इन होर्डिंग मैं पार्टी के पुराने चेहरों के कम ही हो रहे है दीदार ? काफी होर्डिंग पर फ्रेश चेहरे ही दिख रहे है यार ? बस पुराने चेहरों में हमे दिखाई दे रही थी मिस्टर कूल गुप्ता जी की ही झलक ? चर्चा यही हो रही है कि बधाई देने वाले मामले में क्यों रखा हुआ वरिष्ठों ने खुद को गर्ग साहब से अलग ? क्या कंजूसी का मामला छू रहा इस चुनाव में पूरी ताकत से फलक ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सच्चे कार्यकर्ता का कैसा होता है मन ? इस बारे में आप एक बार संगठन की लेडी सिंह नेता के जज्बातों को टटोल सकते हो आप ? सुना है जब से भाजपा को मिली है अयोध्या में हार, तब से संगठन वाली सिंह दीदी नहीं कर रही है किसी से भी बात ? इस हार के बाद है वो बहुत ज्यादा उदास ? कहने वाले ने कहा, ऐसी ही होती है सच्चे कार्यकर्ता की पीड़ा ? ऐसे कार्यकर्ता का पार्टी को रखना चाहिए मजबूतती से ध्यान ? इनका दिल होता है सोने का ? बाक ी मामला तो पीतल का है श्रीमान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब अगर चुनावों में एक पूर्व ब्राह्मण विधायक का ले लेते सपोर्ट ? इस सपोर्ट के बाद उनकी जीत का आँकड़ा पहुँच सकता था चार लाख के पार ? अपनी बिरादरी में तो उनका मामला मजबूत है ही ? बाक ी बिरादरियों में भी है उनकी मजबूत पहचान ? हम आपको यहाँ पर पूर्व विधायक के बलिदान की भी बताना चाहते है बात ? साइकिल वाले। सभी साजों समान से लड़ाना चाहते थे पूर्व विधायक को बागपत लोकसभा से चुनाव ? पूर्व विधायक ने इस ऑफर को सिरे से ठुकरा दिया ? कहा अब ये सब बिलकुल भी नहीं हो पाएगा ? हमारे दिल में कूट कूट कर बाहर गये है अब भगवा भाव ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि देवतुल्यों के मन का बाहर आ गया है ताप? अब शोला बयानी कर रही है उनकी भी जुबान? क्या खुल कर बोले कार्यकारिणी वाले तोमर जी श्रीमान? कह दिया कि अगर कार्यकर्ता को नही सुनोगे तो होगा हर बार ये ही हाल? क्या उन्होंने कह दिया कि मुझे फर्क नहीं पड़ता लिखो कोई भी मेरी बात? क्या कार्यकारिणी वाले हैं पूर्व की कई घटनाओं को लेकर नाराज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मेंबर हसबैंड ने भी दिया कुछ तीखे शब्दो में संदेश? वो तो घुसा लाए अपनी बातों में गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश? पता नहीं क्या कहना चाहते थे काली वाले चरणों के ये पहलवान? कह गए कि जो हुआ वो बहुत ठीक हुआ श्रीमान? उनके शब्द लिए हुए थे ये भाव? दल का वो जाने दिल की दिल जाने लेकिन ठीक हो गए हैं दिमाग? देनी पड़ेगी पहलवान जी के हौसले और जज्बे की भी दाद?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये आस्था है ,ये निष्ठा समर्पण भाव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर हिंदू युवा वाहिनी ने शीतल जल का वितरण किया और मानव जीवन के कल्याण हेतु रक्तदान किया। सेवा समर्पण भाव का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।